प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- राष्ट्र आज मना रहा 77वां गणतंत्र दिवस। कर्त्तव्य पथ पर सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का दिखेगा अनोखा संगम।
- राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शिमला के रिज मैदान पर होगा आयोजित। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे ध्वजारोहण।
- सरकार ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्म अलंकरणों की घोषणा की– हिमाचल के डॉ. प्रेमलाल गौतम को उन्नत फसल किस्मों के विकास ने दिलाया पद्म श्री।
- प्रदेश में मौसम आज से फिर लेगा करवट–कल बारिश व बर्फबारी का येलो अलर्ट।

प्रधानमंत्री–गणतंत्र दिवस

राष्ट्र आज 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर मुख्य समारोह में राष्ट्र का नेतृत्व करेंगी। परेड सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगी। कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का अनोखा संगम प्रदर्शित होगा। इस वर्ष परेड़ की थीम 'स्वतंत्रता का मंत्र : वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्र : आत्मनिर्भर भारत' है। परेड की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने से होगी। इसके बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कर्त्तव्य पथ पर पहुंचेंगी और उन्हें औपचारिक मार्च पास्ट के दौरान सलामी दी जाएगी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन इस वर्ष परेड में मुख्य अतिथि होंगी। परेड में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों की कुल तीस झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। तीनों सेनाओं की संयुक्त झांकी 'ऑपरेशन सिंदूर : संयुक्तता के माध्यम से विजय' विषय पर आधारित होगी, जो थल सेना, नौ सेना, वायु सेना की एकता और सामूहिक ताकत को दिखाएगी। पहली बार सेना द्वारा बैटल एरे फॉर्मेट भी प्रदर्शित किया जाएगा। सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों से लोगों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।

प्रधानमंत्री–गणतंत्र दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कामना की कि यह महान अवसर विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए नागरिकों में नई ऊर्जा और उत्साह संचित करेगा।

उपराष्ट्रपति गणतंत्र दिवस

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णेन ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन भारत को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के शाश्वत आदर्शों पर ऊर्जावान गणतंत्र के रूप में स्थापित करने का उत्सव है। उन्होंने कहा कि यह दिवस संविधान के निर्माताओं की दूर–दृष्टि के प्रति केवल भावाजंलि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में नागरिकों के कर्तव्य और दायित्वों की पुष्टि भी है।

गणतंत्र दिवस

इस बीच गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होगा जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी मौजूद रहेंगे।

गणतंत्र दिवस–2

जिला स्तर पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समरोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया नाहन, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री धर्मशाला, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल सोलन, कृषि मंत्री चंद्र कुमार चंबा, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान बिलासपुर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी किन्नौर, शिक्षा मंत्री मंत्री रोहित ठाकुर कुल्लू, ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह हमीरपुर, शहरी व नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी मंडी, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ऊना, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली लाहौल–स्पीति में गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर ध्वजारोहण करेंगे।

पद्म पुरस्कार

सरकार ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्म अलंकरणों की घोषणा की है। इनमें 5 पद्मविभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार हैं। अलंकृत किए जाने वालो में 19 महिलाएं हैं। 16 लोगों को मरणोपरांत ये सम्मान दिए जा रहे हैं। अभिनेता धर्मेन्द्र और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी. एस. अच्युतानंदन को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया जायेगा।

पद्म भूषण पाने वालों में प्रमुख हैं –उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, कल्लिपट्टी रामासामी पलनीसामी, गायिका अलका याज्ञनिक और मलयाली अभिनेता ममूटी। एड गुरु पीयूष पांडेय, राजनेता शिबुसोरेन और विजय कुमार मल्होत्रा को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया जायेगा।

पद्मश्री अलंकरण कला, समाज सेवा, औषधि, कृषि, साहित्य, शिक्षा और खेल क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। पद्मश्री से सम्मानित किये जाने वाले 113 लोगों में खेल जगत से क्रिकेट खिलाड़ी रोहित शर्मा, प्रवीण कुमार और महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमन प्रीत कौर, बलदेव सिंह, के. पजनीवेल और सविता पुनिया शामिल हैं।

पदमश्री–हिमाचल

हिमाचल प्रदेश के कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रेम लाल गौतम को विज्ञान व इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पदम् श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने भारतीय कृषि विज्ञान को नई दिशा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. प्रेम लाल गौतम ने भारत की पहली प्लांट जर्मप्लाज्म पंजीकरण प्रणाली की स्थापना कर कृषि जैव विविधता के संरक्षण में ऐतिहासिक कार्य किया। साथ ही उन्होंने कई उन्नत फसल किस्मों का विकास कर किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में अहम् योगदान दिया है।

बीएसएनएल

शिमला शहर के कई क्षेत्रों में बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड सेवा पिछले कई दिनों से ठप पड़ी हुई है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लॉन्गबुड क्षेत्र सहित अन्य इलाकों में इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह बाधित हैं। हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद जहां बिजली, पानी और अन्य विभागों ने अपनी सेवाएं काफी हद तक बहाल कर ली हैं, वहीं बीएसएनएल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बीएसएनएल की पहले से ही ढुलमुल लैंडलाइन और मोबाइल सेवाओं के साथ अब ब्रॉडबैंड और इंटरनेट सेवा भी उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द बन गई है। ब्रॉडबैंड पर निर्भर कार्यालय, छात्र और आम उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद बीएसएनएल के अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं। अधिकारियों के इस उदासीन रवैये से उपभोक्ताओं में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि इसी क्षेत्र में अन्य निजी इंटरनेट सेवा प्रदाताओं की सेवाएं बर्फबारी के दौरान भी सुचारू रहीं ऐसे में बीएसएनएल का ये ढुलमुल रवैया कहीं से भी पेशेवर नहीं है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि बीएसएनएल उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सेवा बहाल करे।     रितेश/

मौसम

प्रदेश में भारी बर्फबारी व वर्षा से प्रभावित हुआ जनजीवन अभी भी सामान्य नहीं हुआ है। प्रदेश में मनाली–लेह, आनी–कुल्लू और शिमला–रामपुर एन.एच. सहित 8 सौ 32 सड़कें ठप्प पड़ी है। प्रदेश में करीब एक हजार 9 सौ 42 बिजली टांसफार्मर ठप्प पड़े हैं। जिससे कई इलाकों में अभी भी ब्लैकआउट। पेयजल की 2 सौ 45 योजनाएं अभी भी बाधित हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता

*हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बर्फबारी के चलते तीन छ समेत 832 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद पड़ी हैं इस बीच एक बार फिर से मौसम बिगड़ने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज रात से लेकर 28 जनवरी सुबह तक हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से भारी बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ का कल 27 जनवरी को ज्यादा असर देखने को मिलेगा जिसको लेकर चार जिलों कुल्लू, चंबा, लाहौल स्पीति और किन्नौर में भारी बर्फबारी को लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है जबकि अन्य आठ जिलों में बारिश, अंधड़ तूफान का येलो अलर्ट जारी किया गया है। शिमला, कुफरी,नारकंडा,मनाली, डलहौजी, सोलंग घाटी ,सिसू और अन्य पर्यटन स्थलों में व्यापक बर्फबारी हो सकती है।मौसम में बदलाव के चलते प्रदेश में शीतलहर जैसे हालात बने हुए हैं। लोगों को कड़ाकेदार ठंड से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।*

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से ख़बर को सुर्खी दी है—सत्तर साल से ऊपर के पैंशनरों को इसी माह मिल जाएगा पूरा एरियर। पंजाब केसरी का शीर्षक है—31 जनवरी से पहले 70 वर्ष से अधिक आयु के पैंशनभोगियों के बकाया का भुगतान,

दैनिक जागरण की सुर्खी है—डॉक्टर प्रेम को उन्नत फसल किस्मों के विकास ने दिलाया पद्‌म श्री।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है—मौसम साफ होते ही पहाड़ों की ओर दौड़े सैलानी, जाम और ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें।

''अंत में मुख्य समाचार''

- राष्ट्र आज मना रहा 77वां गणतंत्र दिवस। कर्त्तव्य पथ पर सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का दिखेगा अनोखा संगम।
- राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शिमला के रिज मैदान पर होगा आयोजित। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे ध्वजारोहण।
- सरकार ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्‌म अलंकरणों की घोषणा की— हिमाचल के डॉ. प्रेमलाल गौतम को उन्नत फसल किस्मों के विकास ने दिलाया पद्‌म श्री।
- प्रदेश में मौसम आज से फिर लेगा करवट—कल बारिश व बर्फबारी का येलो अलर्ट।

———————————————